# जौनपुर में सबसे अधिक 3,315 युवाओं को मिला सीएम युवा योजना का लाभ

संवाद न्यूज एजेंसी

जौनपुर। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना प्रदेश के युवाओं की पहली पसंद बन गई है। जौनपुर में सबसे अधिक 3,315 युवाओं को सीएम युवा योजना का लाभ दिया गया है।

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना में वित्तीय वर्ष में अब तक प्रदेश भर में करीब साढ़े तीन लाख आवेदन आ चुके हैं, जबकि शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1 लाख 50 हजार लोन वितरित का लक्ष्य रखा है। योजना का लाभ शत प्रतिशत देने में पिछले कई महीने से पूरे उत्तर प्रदेश में जौनपुर पहले स्थान पर है, दूसरे स्थान पर आजमगढ़ व तीसरे स्थान पर हरदोई जिला रहा।

उत्तर प्रदेश दिवस पर सीएम युवा योजना का सबसे अधिक लाभ देने वाले जौनपुर के जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र को मुख्यमंत्री प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करेंगे।

## यूपी दिवस पर सीएम पहला स्थान प्राप्त करने पर डीएम को करेंगे सम्मानित

### शत प्रतिशत 3,315 युवाओं को किया लोन वितरित

जौनपुर जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने बताया कि प्रदेश के युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान चलाया जा रहा है। वर्तमान वर्ष में अभियान के तहत 2,500 युवाओं को लोन उपलब्ध कराने का लक्ष्य दिया है। इसके सापेक्ष अब तक 8,240 आवेदन प्राप्त हुए, जिसके सापेक्ष 7,033 आवेदनों को बैंक को भेज दिया गया है। इनमें से 3,315 आवेदकों को लोन बांटा जा चुका। ऐसे में लक्ष्य के सापेक्ष इसका रेश्यो 132.60 प्रतिशत है। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने बताया कि पूरे प्रदेश में जौनपुर ने वर्तमान वित्तीय वर्ष के लक्ष्य से अधिक युवाओं को योजना का लाभ दिया है।